दिन– शुक्रवार | दिनांक– 20 / 06 / 2025



प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीवान के जसौली में आयोजित समारोह में पांच हजार नौ सौ करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया।

02. श्री मोदी ने राजद और कांग्रेस को विकास विरोधी बताते हुए कहा – नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार के कार्यकाल में विकास की गति तेज हुई है।

03. मारपीट के मामले में दो साल की सजा मिलने के बाद विधानसभा ने अलीनगर से भाजपा विधायक मिश्री लाल यादव की विधानसभा सदस्यता समाप्त की।

04. और, विधान मंडल का मानसून सत्र इक्कीस जुलाई से शुरू होगा। पच्चीस जुलाई तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल पांच बैठकें होंगी।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजद और कांग्रेस को विकास विरोधी कहा है। श्री मोदी ने आज सीवान के जसौली में आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ये पार्टियां विकास और निवेश विरोधी हैं।

–––बाइट–––

श्री मोदी ने कहा कि इन लोगों ने ऐसी लूट मचाई कि गरीबी बिहार का दुर्भाग्य बन गया।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि राजद और कांग्रेस वालों की संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर के प्रति कोई आस्था नहीं है।

–––बाइट–––

श्री मोदी ने कहा कि वे सबका साथ–सबका विकास की नीति के साथ काम कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस और राजद केवल परिवार के विकास के लिए काम कर रही हैं।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार के समग्र विकास के लिए किसी तरह की कमी नहीं होने दी जाएगी।

———बाइट———

श्री मोदी ने कहा कि देश की समृद्धि में बिहार बहुत बड़ी भूमिका निभाने वाला है।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने राजद और कांग्रेस पर बिहार के लोगों के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार के सहयोग से बिहार का तेजी से विकास हो रहा है।

———बाइट———

---

जनसभा को संबोधित करने से पहले प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पांच हजार नौ सौ करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

प्रधानमंत्री ने शहरी विकास, जल उपचार, प्रधानमंत्री आवास योजना और रेलवे से संबंधित विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। श्री मोदी ने शहरी विकास हेतु अमृत योजना के तहत दो हजार एक सौ तिरासी करोड़ रूपये की लागत से जलापूर्ति और सीवरेज परियोजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने गंगा नदी के संरक्षण और पुनरूद्धार के लिए नमामि गंगे योजना के तहत एक हजार आठ सौ पच्चीस करोड़ रूपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और आठ सौ करोड़ रूपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रति घंटे पांच सौ मेगावाट क्षमता की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली की आधारशिला रखी। यह प्रणाली मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, बेतिया और सीवान सहित राज्य के 15 ग्रिड सब स्टेशन में स्थापित की जाएगी। श्री मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना– शहरी के 53 हजार छह सौ से अधिक लाभार्थियों को योजना की पहली किस्त की राशि जारी की। उन्होंने इस योजना के तहत पूरे हो चुके छह हजार छह सौ से अधिक मकानों के गृह प्रवेश आयोजन के तहत कुछ लाभार्थियों को आवास की चाभी भी सौंपी। श्री मोदी ने बुनियादी ढांचा विकास के लिए बिहार और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाली नई वैशाली – देवरिया रेल लाईन परियोजना का उद्घाटन किया। इसपर चार सौ करोड़ रूपये से अधिक लागत आई है। उन्होंने उत्तरी बिहार से उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल तक बेहतर रेल संपर्क के लिए मुजफ्फरपुर और बेतिया होते हुए पाटलिपुत्र और गोरखपुर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को भी रवाना किया। इस नई वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाडी से पश्चिमी बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों की एक पुरानी मांग पूरी हुई है। प्रधानमंत्री ने सारण जिले के मढ़ौरा के रेल ईंजन कारखाने में निर्मित उच्च क्षमता वाले लोकोमोटिव इंजन की पहली खेप को पश्चिमी अफ्रीकी राष्ट्र गिनी के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

——बाइट——पीएम– मढ़ौरा——

आकाशवाणी समाचार के लिए समाचार कक्ष से अभिषेक दास।

---

मारपीट के मामले में दो साल की सजा मिलने के बाद विधानसभा ने दरभंगा के अलीनगर से भाजपा विधायक मिश्री लाल यादव की विधानसभा सदस्यता समाप्त कर दी है। विधानसभा सचिवालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। गौरतलब है कि दरभंगा के एमपी/एमएलए कोर्ट ने श्री यादव को मारपीट के एक पुराने मामले में दो साल की सजा सुनाई थी।

---

बिहार विधान मंडल का मानसून सत्र इक्कीस जुलाई से शुरू हो रहा है। पच्चीस जुलाई तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल पांच बैठकें होंगी। सत्र के पहले दिन चालू वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का प्रथम अनुपूरक बजट सदन के पटल पर रखा जाएगा। बाईस और तेईस जुलाई को राजकीय कार्य निपटाए जायेंगे। चौबीस जुलाई को प्रथम अनुपूरक बजट पर वाद–विवाद होगा, जबकि अंतिम दिन पच्चीस जुलाई को गैर सरकारी संकल्प लिए जायेंगे।

---

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कल मुख्य समारोह विशाखापत्तनम में आयोजित होगा, जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न भागों में भी योग शिविरों और योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। राज्य के प्रमुख पर्यटन और सांस्कृतिक स्थलों पर संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में योग सत्र आयोजित किये जायेंगे। वहीं, प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में योगाभ्यास सत्र– योग संगम का आयोजन होगा। योग स्वस्थ जीवन के लिए वरदान है, इसे हमें अपनी जीवन शैली में आवश्यक रूप से शामिल करना चाहिए।

–––जिंगल–––

इधर, पटना उच्च न्यायालय में आज विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया।

---

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मॉनसून सक्रिय हो गया है। इसके प्रभाव से राजधानी पटना समेत अधिकांश हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद जिले के कुछ स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गई। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, किशनगंज, पूर्णिया और बक्सर जिले के कुछ स्थानों पर भारी बारिश की

संभावना व्यक्त की है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना है। विभाग ने बाईस जून तक राज्य के अधिकांश भागों में बारिश की संभावना जताई है।

---

कटिहार–बरौनी रेल खंड के काढ़ागोला और सेमापुर के बीच अवध आसाम एक्सप्रेस ट्रेन और रेलवे ट्रॉली के बीच टक्कर में एक ट्रॉलीमैन प्रमोद कुमार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य रेलकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

प्रदेश में हो रहे पंचायत उप चुनाव के लिए नामांकन का कार्य आज समाप्त हो गया। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार कल से नामांकन पत्रों की जांच होगी। उप चुनाव के लिए मतदान नौ जुलाई को होगा।

---

राज्य के सरकारी विद्यालयों के स्थानांतरित छब्बीस हजार छह सौ पैंसठ शिक्षकों को स्कूल का आवंटन कर दिया गया है। जिन शिक्षकों को स्कूल का आवंटन किया गया है वे स्थानांतरण श्रेणी एक से छह के तहत आते हैं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीवान के जसौली में आयोजित समारोह में पांच हजार नौ सौ करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया।

02. श्री मोदी ने राजद और कांग्रेस को विकास विरोधी बताते हुए कहा – नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार के कार्यकाल में विकास की गति तेज हुई है।

03. मारपीट के मामले में दो साल की सजा मिलने के बाद विधानसभा ने अलीनगर से भाजपा विधायक मिश्री लाल यादव की विधानसभा सदस्यता समाप्त की।

04. और, विधान मंडल का मानसून सत्र इक्कीस जुलाई से शुरू होगा। पच्चीस जुलाई तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल पांच बैठकें होंगी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।